Student's Copy

Serial No. 3400063

02/GO/CC/M-2025 – 44

# ECONOMICS

*Time* : 3 Hours ] [ *Full Marks* : 300

## Section – I
## खण्ड – I

1. Answer the following questions : **(10×5=50)**
निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

*(a)* Explain the concept of Marginal Rate of Substitution (MRS) with the help of an example. What happens to MRS when consumer moves downward along the indifference curve ?
सीमांत प्रतिस्थापन दर (MRS) की अवधारणा की व्याख्या कीजिए । जब उपभोक्ता उसी उदासीन वक्र पर नीचे की ओर विचरण करता है तो MRS में क्या परिवर्तन होता है ?

*(b)* What do you understand by external economies and external diseconomies ? Discuss the factors which account for increasing returns to scale.
बाह्य मितव्ययताओं तथा बाह्य अपमितव्ययताओं से आप क्या समझते हैं ? पैमाने के बढ़ते प्रतिफल के कारकों की चर्चा कीजिए ।

*(c)* Explain how income method is different from the value-added method in measurement of National Income ? Discuss the problem of double counting in measuring National Income.
राष्ट्रीय आय के मापन में आय विधि, मूल्य-वर्धित विधि से किस प्रकार भिन्न है, स्पष्ट कीजिए । राष्ट्रीय आय के मापन में दोहरी गणना की समस्या पर चर्चा कीजिए ।

*(d)* How does the balance of payments differ from the balance of trade ? Why must a country's balance of payment always be balanced in theory ?
भुगतान संतुलन व्यापार संतुलन से किस प्रकार भिन्न है ? किसी देश का भुगतान संतुलन सिद्धांत के स्तर पर हमेशा संतुलित क्यों होना चाहिए ?

*(e)* How effectively are commercial banks of Bihar supporting entrepreneurship and start-ups in the state ? What suggestions would you like to give in this regard ?
बिहार के वाणिज्यिक बैंक राज्य में उद्यमिता और स्टार्ट-अप को किस तरह से बढ़ावा दे रहे हैं ? इस संबंध में आप क्या सुझाव देना चाहेंगे ?

2. "From the point of view of economic policy decisions, the phenomenon of liquidity trap warns us that the power of monetary authority to reduce the rate of interest and through it to raise the level of investment, income and employment in the economy is severely limited." Explain this statement fully with the help of diagrams. 50

''महत्वपूर्ण आर्थिक नीति निर्णयों की दृष्टि से नकदी जाल की घटना हमें यह चेतावनी देती है कि ब्याज की दर में कमी करने तथा उसके द्वारा अर्थव्यवस्था में निवेश, आय एवं रोजगार के स्तर में वृद्धि करने की मौद्रिक प्राधिकरण की शक्ति अत्यन्त सीमित है।'' इस कथन को रेखाचित्रों की सहायता से पूर्ण रूप से समझाइये।

*Or / अथवा*

Discuss the meaning and main objectives of monetary policy. Explain the working and effectiveness of main instruments of monetary policy with respect to influencing the cost and availability of credit in a developing economy.

मौद्रिक नीति का अर्थ और मुख्य उद्देश्यों का वर्णन कीजिये। एक विकासशील देश में साख की लागत और उपलब्धता को प्रभावित करने की दृष्टि से मौद्रिक नीति के मुख्य उपकरणों की कार्यप्रणाली और प्रभावशीलता का वर्णन कीजिये।

3. Distinguish between the principles of equi-absolute sacrifice, equi-proportional sacrifice and equi-marginal sacrifice in taxation. Which principle would cause least aggregate sacrifice in taxation ? Use diagram and equations in order to explain your answer. 50

करारोपण के समान निरपेक्ष त्याग, समान आनुपातिक त्याग और समान सीमान्त त्याग सिद्धान्तों के बीच भेद कीजिये। इनमें से कौन–सा सिद्धान्त करारोपण में न्यूनतम समग्र त्याग को बताता है ? अपने उत्तर को स्पष्ट करने के लिये रेखाचित्रों व समीकरणों का उपयोग कीजिये।

*Or / अथवा*

Under what conditions will free international trade in commodities tends to equalize factor prices in the two trading countries ? Explain.

किन दशाओं के अन्तर्गत वस्तुओं का मुक्त अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार दो व्यापारिक देशों में साधन कीमतों को समान करने की प्रवृत्ति रखता है ? समझाइये।

## Section – II
## खण्ड – II

4. Answer the following questions : **(10×5=50)**
निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

*(a)* What do you understand by Multi-dimensional Poverty Index (MPI) ? How is it calculated ? What are the advantages of the MPI poverty measure over income poverty measure ?
बहु–आयामी गरीबी सूचकांक (MPI) से आप क्या समझते हैं ? इसकी गणना कैसे की जाती है ? आय गरीबी माप की तुलना में एम पी आई गरीबी माप के क्या फायदे हैं ?

*(b)* What are the factors causing regional disparities in India ? What steps have been taken to reduce these regional disparities ?
भारत में क्षेत्रीय असमानताओं पैदा करने वाले कारक क्या हैं ? इन क्षेत्रीय असमानताओं को कम करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं ?

*(c)* How are Micro, Small and Medium Enterprises (MSMEs) classified ? How do MSMEs contribute to the economy ? What are the challenges that hinder their potential ?
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एम.एस.एम.ई.) को कैसे वर्गीकृत किया जाता है ? एम.एस.एम.ई. अर्थव्यवस्था में किस तरह योगदान देते हैं ? ऐसी कौन–सी चुनौतियाँ हैं जो उनकी क्षमता में बाधा डालती हैं ?

*(d)* What are the primary objectives of fiscal policy ? Discuss Fiscal Responsibility and Budget Management Act, 2003.
राजकोषीय नीति के प्राथमिक उद्देश्य क्या हैं ? राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन अधिनियम, 2003 पर चर्चा करें ।

*(e)* What are the challenges faced by agricultural sector in Bihar ? What has been the impact of policies on productivity and farmers' income in Bihar ? Comment.
बिहार में कृषि क्षेत्र के सामने क्या चुनौतियाँ हैं ? बिहार में उत्पादकता और किसानों की आय पर नीतियों का क्या प्रभाव पड़ा है ? टिप्पणी करें ।

5. What do you mean by agricultural diversification ? Explain the importance of agricultural diversification for sustainable and inclusive development of Indian economy. 50

कृषि विविधीकरण से आप क्या समझते हैं ? भारतीय अर्थव्यवस्था के सतत एवं समावेशी विकास के लिए कृषि विविधीकरण के महत्व को समझाइये ।

***Or / अथवा***

What is renewable energy ? For Vikasit Bharat 2047 explain the role of renewable energy.

नवीकरण ऊर्जा क्या है ? विकसित भारत 2047 के लिए नवीकरण ऊर्जा की भूमिका समझाइये ।

6. Write a critical note on tax reforms in India after 1991. 50

भारत में 1991 के बाद हुए कर सुधारों पर एक आलोचनात्मक लेख लिखिये ।

***Or / अथवा***

Discuss the significant issues, programmes and policies of the government related to poverty eradication and employment generation in the Bihar economy.

बिहार की अर्थव्यवस्था में रोजगार सृजन और गरीबी उन्मूलन से सम्बन्धित महत्वपूर्ण मुद्दों, सरकारी कार्यक्रमों और नीतियों की विवेचना कीजिये ।

---